माय भारत चंडीगढ़ द्वारा "नशा मुक्त युवा - विकसित भारत" अभियान के अंतर्गत ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

चंडीगढ़, 14 नवंबर 2026: माय भारत चंडीगढ़, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, सेक्टर-42, चंडीगढ़ में "नशा मुक्त युवा - विकसित भारत" विषय पर ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह आयोजन देशव्यापी 100 सप्ताह के "नशा मुक्त युवा - विकसित भारत अभियान" का हिस्सा था।

इस अवसर पर श्री विनय कुमार, जिला युवा अधिकारी, माय भारत चंडीगढ़ ने बताया कि यह प्रतियोगिता युवाओं को सकारात्मक एवं रचनात्मक गतिविधियों से जोड़ने तथा उन्हें नशामुक्त जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से आयोजित की गई। उन्होंने कहा कि खेल युवाओं में शारीरिक फिटनेस, अनुशासन, टीम भावना, मानसिक स्वास्थ्य एवं नेतृत्व क्षमता विकसित करने का प्रभावी माध्यम हैं।

प्रतियोगिता में 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग के युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इसमें वॉलीबॉल (बालक), रस्साकशी (बालिका), बैडमिंटन (बालक एवं बालिका) तथा 100 मीटर दौड़ (बालक एवं बालिका) सहित विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं।

विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता इस प्रकार रहे: बैडमिंटन (बालिका वर्ग) में जानवी ने प्रथम, रिया ने द्वितीय तथा मानसी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बैडमिंटन (बालक वर्ग) में हार्दिक प्रथम, प्रथम सिंगला द्वितीय तथा आदित्य गर्ग तृतीय स्थान पर रहे। एथलेटिक्स 100 मीटर दौड़ (बालिका वर्ग) में कुलवीर कौर ने प्रथम, सिया ने द्वितीय तथा परमिंदर कौर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया, जबकि बालक वर्ग में हरीश प्रथम, कुलनूर सिंह चड्ढा द्वितीय तथा हरीश चंदर जोशी तृतीय स्थान पर रहे। रस्साकशी (बालिका वर्ग) में टीम सरिका ने प्रथम, टीम अनुभवी ने द्वितीय तथा टीम रौनक ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं, वॉलीबॉल (बालक वर्ग) में टीम विशाल डांगी ने प्रथम तथा टीम नीरज ने द्वितीय स्थान हासिल किया।

सभी विजेताओं को उनकी उपलब्धियों के लिए पदक एवं प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागियों के लिए जलपान की व्यवस्था भी की गई थी।

कार्यक्रम का सफल आयोजन माय भारत चंडीगढ़ की टीम के सदस्यों निर्मल, जगजीत, गरिमा, प्रभजोत, छवि, दीपांशु एवं अभिषेक के समन्वित प्रयासों से संपन्न हुआ।

माय भारत द्वारा इस प्रकार की खेल गतिविधियों के माध्यम से युवाओं को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, खेलों के प्रति रुचि विकसित करने तथा नशे से दूर रहकर राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान देने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। यह पहल स्वस्थ, सशक्त एवं नशामुक्त युवा शक्ति के माध्यम से विकसित भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है।

****